निबंधन एवं शर्तें

<u>वरिष्ठ परामर्शदाता (जन स्वास्थ्य विशेषज्ञ)</u>

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में भारत कोविड- 19 आपातकालीन प्रतिक्रिया और स्वास्थ्य प्रणाली तैयारी परियोजना में योगदान देने के लिए वरिष्ठ परामर्शदाता (जन स्वास्थ्य विशेषज्ञ) की आवश्यकता है। इस संदर्भ में, वरिष्ठ परामर्शदाता (जन स्वास्थ्य विशेषज्ञ) परियोजना संबंधी गतिविधियों के लिए **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय** के अधीन एक राष्ट्रीय कार्यक्रम प्रबंधन इकाई (एनपीएमयू) का हिस्सा होगा।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी),नई दिल्ली, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से पूर्णत: संविदागत आधार पर उपर्युक्त उल्लिखित पद हेतु योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित कर रहा है।

क. परियोजना की पृष्ठभूमि और उद्देश्य

वुहान हुबेई प्रांत, चीन में प्रारंभिक मामलों का पता लगने के बाद, दिसंबर 2019 के बाद से गंभीर श्वसन संबंधी सिंड्रोम कोरोनावायरस 2 (एसएआरएस-सीओवी-2) वायरस के कारण कोरोना वायरस रोग 2019 (कोविड- 19) का प्रकोप पूरे विश्व में तेजी से फैल रहा है। । भारत में कोविड- 19 के मामलों की तीव्र बढ़ोत्तरी के प्रत्युत्तर में , भारत सरकार (जीओआई) द्वारा भारत कोविड -19 आपातकालीन प्रतिक्रिया और स्वास्थ्य प्रणाली तैयारी परियोजना की शुरुआत की गई है। परियोजना का उद्देश्य कोविड- 19 द्वारा उत्पन्न खतरे को रोकना, इसका पता लगाना और इसका प्रत्युत्तर देना है और भारत में तैयारी के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत बनाना है।

ख. कार्यक्षेत्र

वरिष्ठ परामर्शदाता (जन स्वास्थ्य विशेषज्ञ) निम्नलिखित कार्यों के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय तथा इसकी तीन कार्यान्वयन एजेंसियों- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम), राष्ट्रीय रोग नियत्रंण केंद्र (एनसीडीसी) और भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के साथ मिलकर कार्य करेगा:

दायित्व:

- परियोजना के तहत राज्यों तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को तकनीकी सहायता तथा कार्यक्रम संबंधी सहयोग प्रदान करना।
- राज्यों को दिशा निर्देशों सहित टीओआर, टेम्पलेट, फोर्मेट ,दिशानिर्देश दस्तावेज अद्यतन करना तथा परियोजना के अंतर्गत गतिविधियों पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य सूचना रिकॉर्डिंग प्लेटफार्म का प्रयोग करते हुए राज्यों को सहयोग प्रदान करना।
- राज्यों की रिपोर्ट के साथ कार्यान्वयन सहयोग मिशन द्वारा चयनित मुद्दों पर की गई कार्रवाई की परियोजना जांच समिति को त्रैमासिक अद्यतन सूचना प्रदान करना।
- तिमाही परियोजना शासी समिति बैठक, परियोजना संचालन समिति की बैठक, समीक्षा बैठक की तैयारी करना तथा आयोजन तथा परियोजना अपेक्षाओं के अनुसार कार्यशालाओं का आयोजन करना।
- स्वास्थ्य क्षेत्र के विभिन्न पहलुओं का विश्लेषण करना। उस परिस्थितिनुसार विश्लेषण करने से प्राप्त परियोजना तथा प्रस्ताव/ कार्यनीति के कार्यान्वयन तथा विकास को युक्तिसंगत बनाना।
- महामारी के आकड़ों की समीक्षा करना तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की कार्यान्वयन एंजेंसियों को फीडबैक देना।
- परियोजना संकेतकों से संबंधित मासिक डैशबोर्ड सहित प्रगति तथा सहमत लक्ष्यों पर आधारित त्रैमासिक रिपोर्ट की समीक्षा तथा नियमित आधार पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय से साझा करना।
- कार्यान्वयनकर्ता एन्टीटीज को बजट के साथ अनुमोदित वार्षिक कार्य योजनाओं का समेकन एवं प्रचार करना तथा परिणाम कार्यनीति पर आधारित त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट तैयार करना।

- पर्यवेक्षकों द्वारा सौपें गए अन्य कार्य करना।

अनिवार्य अर्हता/ अपेक्षाएं

- एमडी (सामुदायिक मेडीसन/ निवारक तथा सामाजिक मेडिसन/ सामुदायिक स्वास्थ्य प्रशासन) या एमपीएच अथवा एमबीए (स्वास्थ्य तथा अस्पताल प्रबंधन) अथवा एमएसडब्ल्यू।
- स्वास्थ्य प्रणाली सुदृढ़ीकरण, कार्यक्रम योजना या कार्यान्वयन में कम से कम 5 वर्ष का पोस्ट क्वालीफिकेशन कार्य अनुभव।

अधिमान्य अर्हता/ कौशल

- राष्ट्रीय/ राज्य स्तर पर जन स्वास्थ्य कार्यक्रम में अनुभव
- कोविड आपातकालीन प्रतिक्रिया से संबंधित अनुभव वांछनीय है।
- डोनर एजेंसियां जैसे: डब्ल्यूबी और एडीबी आदि के साथ कार्य करने का अनुभव लाभकारी होगा।

रिपोर्टिंग: नोडल अधिकारी, कोविड- 19, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय वरिष्ठ परामर्शदाता (जन स्वास्थ्य विशेषज्ञ) का संपूर्ण प्रभारी होगा।

आयु: 50 वर्ष तक और व्यापक रुप से यात्रा करने के लिए तैयार रहना ।

पद संख्या: 02

पारिश्रमिक: अधिकतम 150,000 /- रुपए प्रति माह

स्थान: दिल्ली

आवेदन करने के लिएः

अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को 18-Dec-2020 तक केवल npmu.covid.02@gmail.com पर ई-मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिष्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।